**खबर संक्षेप**

## मुख्यमंत्री से मिले भाजपा जिलाध्यक्ष



**मण्डला।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मण्डला भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा की फोटो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रही है। मुख्यमंत्री और भाजपा जिलाध्यक्ष पुराने समय से अभिन्न मित्र रहे हैं इस बात का जिक्र बीते माह सामूहिक विवाह में कार्यक्रम आये मुख्यमंत्री ने मंच से भी कही थी इसी कड़ी में बीते दिनों मुख्यमंत्री से मिलने भाजपा जिलाध्यक्ष भोपाल पहुंचे जहां पर जिले के अनेक मुद्दों पर चर्चा हुई इसी के साथ संगठन द्वारा चलाये गये कार्यक्रमों की जानकारी भी मुख्यमंत्री को दी गई। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने बताया कि सहज सरल और समाजिक विचारों के धनी मुख्यमंत्री ने मण्डला के विकास को लेकर अनेक योजनाओं से काम कराने की बात कहीं है। इस दौरान श्री मिश्रा ने मुख्यमंत्री को रानी अहिल्या बाई होल्कर का तैल्यचित्र भी भेंट किया है। और जिला भाजपा के द्वारा रानी अहिल्या बाई होल्कर की जन्म जयंती पर आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी भी दी।

## जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक 30 मई को

**मण्डला।** डिप्टी कलेक्टर मंडला ने बताया कि जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक 30 मई 2025 को अपरान्ह 3 बजे जिला योजना भवन मंडला के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में एजेंडानुसार तैयारी के साथ संबंधितों की उपस्थिति अनिवार्य है।

## सिंचाई के माध्यम से मध्य प्रदेश गेहूँ उत्पादन में दूसरे स्थान पर

# किसानों की आय को दुगुनी करने का संकल्प पूरा

*** नवीन एवं उन्नत कृषि तकनीकि की जानकारी देंगे वैज्ञानिक।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते ने कहा कि मंडला जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून 2025 तक चलाया जायेगा। इस अभियान के तहत 135 ग्राम पंचायतों में संगोष्ठी या सभाएं होंगी, जिसमें 490 ग्राम पंचायतों के किसान शामिल होंगे। आयोजित कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों की टीम किसानों को उत्तम कृषि के बारे में विस्तार से जानकारी देगी। इससे जिले के किसान फसलों की बुआई से लेकर कटाई तक का कार्य उन्नत किस्म से पूर्ण करेंगे। सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते गुरूवार को पीएम श्री रानी दुर्गावती महाविद्यालय में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते ने आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



सांसद शफग्गनसिंह कुलस्ते ने कहा कि भारत देश जापान को पछाड़कर विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है। शीघ्र ही भारत देश दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगी। इस अभियान में देश के संसाधनों के साथ-साथ कृषि क्षेत्रों का भी महत्वपूर्ण योगदान है। सरकार के द्वारा किसानों को सक्षम व समृद्ध बनाने के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे मेढ़बंधान, खेत तालाब, कपिलधारा कूप, फालोद्यान जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इससे फसल उत्पादन में किसानों को मदद मिल रही है। फसलों का जमकर उत्पादन कर किसान तेजी से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते ने कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि देकर किसानों को लगातार प्रोत्साहित करते हैं। प्रदेश सरकार के द्वारा भी किसानों को किसान सम्मान निधि की राशि दी जाती है। जिसका उद्देश्य है कि किसानों को जरूरत के समय रूपए-पैसों के लिए कहीं भटकना न पड़े। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी का संकल्प है कि किसानों की आय को दुगुनी की जायेगी। इसके लिए किसानों को आधुनिक पद्धति से खेती करने के बारे में जानकारी दी जा रही है। जिससे किसान कम लागत पर ज्यादा फसलों की पैदावार कर सकें। उन्होंने कहा कि किसानों को सफल और सम्पन्न बनाने के लिए फलदार खेती, मछलीपालन, मुर्गीपालन, दुग्ध उत्पादन और बकरी पालन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिससे किसानों की आय दुगुनी हो सके।



सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते ने कहा कि प्रदेश में किसानों के लिए सिंचाई के साधन विकसित किए गए हैं। सिंचाई के लिए बिजली, पानी सहित विभिन्न संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यही वजह है कि गेहूं उत्पादन में मध्यप्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी फसलों का समर्थन मूल्य मिले इसके लिए धान, गेहूं, ज्वार, बाजरा, मक्का, मूंग, अरहर, सोयाबीन, रामतिल जैसे अन्य फसलों के लिए एमएसपी लागू की गई है। जिससे किसानों को उनकी फसलों का समर्थन मूल्य प्राप्त हो सके। किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के संबंध में जानकारी दी जायेगी। जिससे किसान मृदा परीक्षण कर फसलों का चयन कर सकें।

सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण हेतु जल स्त्रोतों की साफ-सफाई तथा नए जल स्त्रोत विकसित किए जा रहे हैं, जिससे वर्षा का जल नदी-नालों में व्यर्थ न बहकर भूमिगत हो सके। विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों को जल संरक्षण के बारे में भी जानकारी दी जायेगी, जिससे किसान कम पानी में पैदावार होने वाले फसलों को पहली प्राथमिकता दे सकें। उन्होंने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के माध्यम से किसान कृषि वैज्ञानिकों के साथ बैठकर कृषि की उन्नत कृषि तकनीकि और आधुनिक कृषि के संबंध में जानकारी प्राप्त करेंगे। मंडला जिले में यह अभियान गांव-गांव तक चलाया जायेगा। कृषि वैज्ञानिक इस अभियान के तहत गांव गांव में जाकर किसानों से उन्नत कृषि तकनीकि और आधुनिक कृषि के संबंध में चर्चा करेंगे तथा मॉडल प्रदर्शन भी प्रस्तुत करेंगे। सांसद श्री फग्गनसिंह कुलस्ते ने आयोजित कार्यक्रम के पूर्व पीएम श्री रानी दुर्गावती महाविद्यालय में स्थित रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने इसके बाद जिले में भ्रमण करने वाली विकसित कृषि संकल्प महा अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## शनि जयंती पर नक्खी माता मंदिर परिसर के शनि मंदिर में हुए विशेष आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी शनि जयंती के अवसर पर मंगलवार को नक्खी माता मंदिर परिसर ग्राम बकोरी में विराजमान भव्य शनि नवग्रह मंदिर में विशिष्ठ अनुष्ठान एवम सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। प्रातः कालीन शनि भक्तों के द्वारा शनि देव की प्रतिमा को स्नान कराकर नव वस्त्र धारण कराए गए। पण्डित प्रमोद शुक्ला के द्वारा विधि विधान से मंदिर में स्थापित नवग्रहों की पूजा कराई गई, शनि देव की प्रतिमा में चांदी का मुकुट धारण कराकर शनि सिंगणापुर से प्राण प्रतिष्ठत शनि शिला में नील व तेल से मंत्रोपचार के साथ अभिषेक किया गया और शनि यज्ञ का आयोजन किया गया। शनिदेव की कृपा प्राप्ति हेतु ग्राम वासी, नक्खी माई मंदिर समिति के सदस्य और शिक्षक डी के सिंगौर के परिजन विशेष रूप से सम्मिलित हुए। शाम को मंदिर में भंडारा और शनि महाआरती का भी भव्य आयोजन हुआ। दिन भर मंदिर में शनि भक्तों ने आकर शनि देव को प्रसन्न करने तेल, काले वस्त्र, उड़द, नीले फूलों आदि से पूजन अर्चना करते रहे। शनि जयंती के उपलक्ष्य में रात्रि में ग्राम के बाल कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। दर्शकों की भव्य उपस्थिति के बीच ग्राम के 32 नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा भक्ति मय आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया। सभी सहभागियों को पारितोषिक भी दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान ओपन प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित की गई। पौराणिक गाथाओं पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देने में दर्शकों ने अच्छी खासी रुचि दिखाई जिसमें सही उत्तर देने वाले दर्शकों को पारितोषिक दिया गया 1 सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक दिलीप मरावी ने किया। ज्ञात हो कि ख्याति प्राप्त प्रसिद्ध प्राचीन नक्खी माई मंदिर के परिसर में निर्मित नवग्रह शनि मंदिर भी लगातार अपनी भव्यता और काले पत्थरों के विशेष संयोजन से निर्मित होने के कारण लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है और शनि पूजा हेतु भक्त दूर दूर से आते हैं।



## नर्मदा पथ सर्वेक्षण एवं जन जागरण यात्रा का हुआ भव्य स्वागत



**नारायणगंज।** दिनांक 29 में 2025 को नर्मदा पद सर्वेक्षण एवं जन जागरण यात्रा पहुंची ग्राम चीरी और सुबह श्रमदान के लिए सैकड़ो लोग इस यात्रा के साथ यात्री और यात्रा की प्रमुख जिला समन्वयक जिला के प्रमुख राजेंद्र चौधरी जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक परिषद की विकासखंड समनवयक अनिल कुमार, परामर्शदाता कृष्ण कुमार झारिया, राकेश अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल, सुरेश सोनी, चंद्रकला पटेल, इंदिरा नवअंकुर संस्था से सभी ग्राम के जनप्रतिनिधियों के साथ और ग्रामीणों के साथ मिलकर श्रमदान करते हुए के लोगों के साथ सरपंच सचिव मोबिलाइज सभी मिलकर इस चौपाल में भाग लिया पश्चात चौपाल में पथ सर्वेक्षण की जानकारी राजेंद्र चौधरी जी के द्वारा दी गई एवं सभी को जल संवर्धन और संरक्षण हेतु शपथ कार्यक्रम के पश्चात अल्पाहार और सभी के आभार और धन्यवाद के साथ सभा का समापन हुआ पर्यावरण संतुलन के लिए वनों का होना अति आवश्यक है वन होंगे तो झरने नदिया तलाब में पानी की स्थिति अच्छी होगी जलस्तर अच्छा होगा पर्यावरण के संतुलन के लिए आवश्यक हैं यह संदेश प्रसारित किया जा रहा है कल बम्हनी, भावल, चिराई डोंगरी, होते हुए कोंडरा में समापन किया गया यह यात्रा नारायणगंज विकासखंड से मंडला जिले में प्रवेश किया।

## सात मामलों में संज्ञान, मण्डला जिले के तीन मामलों पर आयोग सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के सदस्य राजीव कुमार टंडन ने विगत दिनों प्रदेशभर के विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित प्रथम दृष्टया मानव अधिकार उल्लंघन से संबंधित सात मामलों में स्वतः संज्ञान लिया है। इनमें से तीन गंभीर मामले मण्डला जिले से संबंधित हैं। आयोग ने इन सभी मामलों में संबंधित अधिकारियों से एक माह के भीतर जवाब मांगा है।

मण्डला जिले के जिन तीन मामलों पर आयोग ने संज्ञान लिया है, वे निम्नलिखित हैं:-

### जीवित महिला को मृत बताकर भूमि का फर्जी हस्तांतरण

मण्डला जिले की नैनपुर तहसील में एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें एक जीवित महिला को मृत घोषित कर उसकी भूमि किसी अन्य व्यक्ति के नाम रजिस्ट्री कर दी गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फर्जीवाड़े में राजस्व विभाग के एक पटवारी की भूमिका संदेह के घेरे में है। पीड़ित महिला अब न्याय के लिए दर-दर भटक रही है। आयोग की कार्रवाईः मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने इस मामले में कलेक्टर, मण्डला से एक माह में जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा है।




### मेडिकल स्टोर पर चल रहा अवैध क्लीनिक

नैनपुर तहसील के ग्राम डिठौरी में एक मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा नियमों की अनदेखी कर अवैध रूप से मरीजों का इलाज करने का मामला उजागर हुआ है। रिपोर्ट्स के अनुसार संचालक न केवल मरीजों को स्टोर में भर्ती कर इंजेक्शन व ड्रिप चढ़ा रहा है, बल्कि उनसे मनमाने पैसे भी वसूल रहा है। आयोग की कार्रवाईः मामले की गंभीरता को देखते हुए आयोग ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ), मण्डला से एक माह के भीतर जांच कर आवश्यक कार्रवाई का प्रतिवेदन मांगा है।

### गंदा पानी पीने को मजबूर ग्रामीण

मण्डला जिले की ग्राम पंचायत सकवाह के ग्राम रामबाग में ग्रामीणों को बीते तीन माह से दूषित एवं अस्वच्छ पेयजल आपूर्ति की जा रही है। इसके चलते ग्रामीणों को स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आयोग की कार्रवाईः आयोग ने कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (ईई/पीएचई), मण्डला से इस विषय पर जांच कर पानी का परीक्षण कराने व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने संबंधी कार्रवाई की रिपोर्ट एक माह में प्रस्तुत करने को कहा है। मानव अधिकार आयोग ने स्पष्ट किया है कि जनसामान्य के अधिकारों की रक्षा के लिए आयोग तत्पर है और इस प्रकार के मामलों में दोषियों के विरुद्ध आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## रानी अहिल्या बाई होल्कर की 300वी जयंती पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम



**भुआबिछिया।** बिछिया के सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में स्थित हाल में रानी अहिल्या बाई होल्कर की जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सर्वप्रथम रानी अहिल्या बाई होल्कर के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात अतिथियों का परिचय हुआ। जयंती कार्यक्रम के अवसर में मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट द्वारा रानी अहिल्या बाई होल्कर के साहस और शौर्य से जुड़ी कई प्रमुख घटनाओं को उद्बोधन के माध्यम से उपस्थित जनो के समक्ष रखा। इसके पश्चात नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी के द्वारा रानी अहिल्या बाई होल्कर के जीवन और संघर्ष के बारे में बताया गया। रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन परिचयए संघर्षए शौर्य से जुड़ी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी गया जिसमें कक्षा नवमी और दशवी के छात्र छात्राओं के द्वारा उनके जीवन पर आधारित भाषण प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में मंच संचालन भाजपा मंडल महामंत्री नरेश राजपूत एवं आभार प्रदर्शन नरेश सार्वे द्वारा किया गया।

**प्रशिक्षण** | एनसीसी कैडेट्स CATC 100 के जबलपुर में आयोजित।

# दस दिवसीय प्रशिक्षण में एकलव्य सिझौरा रहा अव्वल

*** वेस्ट एनसीसी का खिताब छवि कुमार को मिला।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया






एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सिझौरा के एनसीसी कैडेट्स ने अठारह मई से सताईस मई तक दस दिवसीय जबलपुर में आयोजित सीएटीसी सौ (CATC 100) शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कैडेट्स ने डिबेट, लेआउट और सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि संयुक्त रूप से कैंप प्रदर्शन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही शंकर शाह इंटर स्कूल चैंपियनशिप 2024-25 में भी प्रथम स्थान अर्जित कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है।

इस उपलब्धि के साथ ही विद्यालय के एनसीसी प्रभारी छवि कुमार चौधरी को 'बेस्ट एनसीसी अधिकारी' का प्रतिष्ठित खिताब सेना के अधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया। यह शिविर कैम्प कमांडर कर्नल विक्रांत त्यागी (सेना मेडल) के कुशल नेतृत्व और सूबेदार मेजर श्री राकेश कुमार की देखरेख में आयोजित हुआ, जिसमें कैडेट्स ने अनुशासन, नेतृत्व और टीमवर्क जैसे नए अनुभव अर्जित किए।

### विद्यालय की उपलब्धि पर प्राचार्य ने दी बधाई

विद्यालय के प्राचार्य आत्मजीत सिंह आहुवालिया व सुश्री पूनम सिंघल ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा, ₹हमारे कैडेट्स ने अपनी मेहनत और लगन से यह सिद्ध कर दिया है कि वे किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं। यह सफलता उनके समर्पण और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। भविष्य में हमारा लक्ष्य कैडेट्स को और बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करना है ताकि वे राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकें। इसके लिए हम एक व्यापक प्रशिक्षण योजना तैयार करेंगे, जिसमें शारीरिक प्रशिक्षण के साथ-साथ नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने वन मप्र आर्टि रेजिमेंट के सभी पी आई स्टाफ का धन्यवाद किया।

### शिक्षकों ने कैडेट्स के प्रदर्शन को बताया गौरव

नीरज पाठक वरिष्ट पीजीटी ने कहा, कैडेट्स का यह प्रदर्शन हमें गौरवान्वित करता है। उनकी मेहनत और अनुशासन प्रेरणादायक है। पीजीटी मनीष कुमार शर्मा ने कहा कि यह सफलता बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाएगी और उन्हें भविष्य में और बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी।दुर्गेश कुमार सोनवानी ने कहा कि हम सभी शिक्षक मिलकर बच्चों को और बेहतर मार्गदर्शन देंगे ताकि वे हर क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करें।

### आर्मी कमांडर कर्नल त्यागी ने की प्रशंसा

कैम्प कमांडर कर्नल विक्रांत त्यागी ने कैडेट्स की प्रशंसा करते हुए कहा कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सिझौरा के कैडेट्स ने अनुशासन और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उनकी यह उपलब्धि अन्य कैडेट्स के लिए प्रेरणा बनेगी।इस अवसर पर सभी आर्मी के अधिकारियों ने एनसीसी प्रभारी छवि कुमार चौधरी की लगन ,मेहनत ,और जनून की सराहना करते हुए कहा वे विद्यालय की एनसीसी शाखा को नये कीर्तिमान तक ले जाएंगे।विद्यालय अपने कैडेट्स की इस उपलब्धि पर गर्व करता है और भविष्य में भी इसी तरह की सफलताओं की कामना करता है।

**कार्यालय नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास**

**आरौली विकासखण्ड बिछिया जिला मण्डला**

पत्र क्र./**SSA/KGBV** छात्रावास/2025/06 दिनांक 28/05/2025

**निविदा सूचना**

समस्त निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास आरौली, वि.खं. बिछिया में निवासरत बालिकाओं के खाद्यान्न, किराना एवं जनरल की पूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म राशि रू. 200/- में क्रय (शर्ते व नियम) करने की अंतिम तिथि 03/06/2025 शाम 05:00 बजे तक है। इच्छुक निविदाकर्ता दिनांक 10/06/2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक बंद लिफाफा में अपनी निविदा छात्रावास कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदाएं (लिफाफे) दिनांक 10/06/2025 को दोपहर 03:00 बजे छात्रावास प्रबंधन समिति नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास आरौली, वि.खं. बिछिया के समक्ष खोली जायेगी।

**छात्रावास अधीक्षिका**
**नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास**
**आरौली, वि.खं. बिछिया जिला मण्डला म.प्र.**

**कार्यालय नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास**

**मोचा विकासखण्ड बिछिया जिला मण्डला**

पत्र क्र./**SSA/KGBV** छात्रावास/2025/06 दिनांक 28/05/2025

**निविदा सूचना**

समस्त निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास मोचा, वि.खं. बिछिया में निवासरत बालिकाओं के खाद्यान्न, किराना एवं जनरल की पूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म राशि रू. 200/- में क्रय (शर्ते व नियम) करने की अंतिम तिथि 03/06/2025 शाम 05:00 बजे तक है। इच्छुक निविदाकर्ता दिनांक 10/06/2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक बंद लिफाफा में अपनी निविदा छात्रावास कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदाएं (लिफाफे) दिनांक 10/06/2025 को दोपहर 03:00 बजे छात्रावास प्रबंधन समिति नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास मोचा, वि.खं. बिछिया के समक्ष खोली जायेगी।

**छात्रावास अधीक्षिका**
**नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास**
**मोचा, वि.खं. बिछिया जिला मण्डला म.प्र.**

## खबर संक्षेप

## धूनी नगरी में न्याय के देवता शनिदेव की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** नगर के मवेशी बाजार में स्थित शनि मंदिर में सोमवार को शनि जयंती का आयोजन बडे ही धूमधाम के साथ किया गया। इस दौरान जहां मंदिर की सजावट करते हुये अनोखा रूप दिया गया था। वही इस दौरान शनि देव की विशेष पूजा- अर्चना की गई। भगवान शनिदेव का तेला अभिषेक करने के साथ उन्हें उड़द ,काला कपड़ा, फल-फूल इत्यादि चढ़ाया गया। इस प्रकार से शनि जयंती के मौके पर पूजन के लिये दिन भर भक्तों का शनि मंदिर में तांता लगा रहा।साईखेड़ा नगर में स्थित शनि मंदिर में सूर्य पुत्र शनिदेव की पूजा हर साल आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को मनाने का विधान है। यहां के प्रसिद्व माने जाने वाले शनि भक्तों का कहना है कि इस दिन शनि देव की भव्य पूजा होती है। भगवान शनि देव को सरसों के तेल, उड़द, कला कपड़ा, लोह आदि चढ़ाने से प्रसन्न होते हैं। इस तरह सभी प्रकार के पूजन अनुष्ठान शनिदेव मंदिर पुजारी दुर्गा प्रसाद जोशी की देख रेख में किया गया। मध्याह्न बेला में विशेष पूजन हवन किया गया पूरे मंदिर की भव्य रूप से फूलो से सजाया गया था तथा मंदिर के प्रांगण में पंडाल बनाया गया था। जहा विशाल कन्या भोजन महा प्रसाद का स्टाल लगाया गया था।वही संध्या बेला में पुनः भगवान की पूजा व आरती की गई एवं महा प्रसाद का वितरण किया गया। इस तरह शनि जयंती के मौके पर सांईखेड़ा सहित आसपास के गांवों के भारी मात्रा में लोगों ने पहुंचकर शनि महाराज से आर्शीवाद ग्रहण किया।

खुलेआम नियमों के विपरित अपने वाहनों में किया जा रहा है हूटर व पुलिस सायरन का उपयोग तो नये फैशन बुलेट की फटाखानुमा आवाज ने की नींद गायब

# तेज आवाज वाले साईलेंसर के खिलाफ पुलिस के बुलडोजर में ब्रेक लगते ही वाहन चालकों के हौसले फिर बुलंद

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा








परिवहन विभाग द्वारा सड़कों पर संचालित वाहनों में प्रेशर हार्न के उपयोग के संबंध में तमाम नियम बनाये गये है। मगर बावजूद इसके राष्ट्रीय से लेकर राज्य स्तरीय मार्गो सहित शहर की गली कूचो तक में दौड़ने वाले अनेक छोटे से लेकर बड़े वाहनों व बाइकों तक में जिस प्रकार से प्रेशर हार्नो का बेखौफ उपयोग किया जा रहा है। वह निश्चित ही परिवहन विभाग के निमयों को दर किनार करने में कोई कसर नही छोड़ रहा है..? इस समय देखा जावे तो लोगों द्वारा अपने वाहनों में रौब झाड़ते हुये जिस प्रकार से प्रेशर हार्न का उपयोग किया जा रहा है कि मानो इनका उपयोग करना मूल अधिकार हो..? शहर से लेकर गांव गांव तक इन प्रर्शर हार्नो का जिस तरह उपयोग होते हुये देखा जा रहा है वह आमजन के लिये परेशानी का कारण साबित होते हुये जान पड़ रहा है? शासन द्वारा पुलिस वाहनों से लेकर फायर बिग्रेड तथा मरीजों को ले जाने वाली एम्बुलेंसों के लिये अधिकृत किये गये सायरन तक लोगों द्वारा अपने वाहनों में लगाते हुये उनका दुरूपयोग करने से नही चूक रहे है। यदि नगर में देखा जावे तो प्रभाव शाली लोगों से लेकर आवारा गर्दी करने वालों द्वारा अपने वाहनों में नियमों को दर किनार करते हुये धडल्ले से साईरन नुमा हूटर उपयोग करते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर बाईको से लेकर चार पहिया वाहनों तथा ट्रक, बसो में जिस तरह कर्कश आवाज निकालने वाले प्रेशर हार्नो का उपयोग हो रहा है उसके कारण शहर की मुख्य सड़को इन वाहनों से निकलने वाली आवाजों के बीच लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। जबकि नियम के अनुसार बताया जाता है कि सायरन हूटर लगाने का अधिकार सिर्फ चुनिंदा लोगों को ही होता है जिन्हें शासन द्वारा अधिकृत किया जाता है, मगर यहां पर तो जिस वाहन मालिक के मन में आता है वह अपने वाहन में मनमर्जी के मुताबिक हूटर या फिर पुलिस का सायरन लगाते हुये रौब झाड़ने के साथ पुलिस के वाहनों में लगने वाले सायरन को मजाक बना डाला है। मगर इस ओर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर यातायात विभाग की उदासीनता का परिणाम है कि इस प्रकार से लोग अपने वाहनों में हूटर लगाने का शौक पालते हुये मनमर्जी पर उतारू दिखाई पड़ रहे है, जो सिर्फ अपने शौके के चलते जहां यातायात नियमों की धज्जियाँ उठा रहे है और यह वाहन शहर से लेकर ग्रामीण के बीच अपना रौब झाडने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो क्षेत्र में अनेक लोगों द्वारा अपनी गाडियों में लगी हुई सायरन हूटर का इस प्रकार से प्रयोग किया जाता है जिसके चलते आम लोगों को परेशानियों का सामना तो करना ही पड़ता वही मानव जीवन के स्वास्थ्य पर भी इसका विपरित असर पड़ने से नही चूक रहा है। स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि इस समय शहर से लेकर गांव सहित पुलिस थानों के सामने से खुलेआम हूटर व पुलिस की आवाज निकालने वाले सायरन बजाते हुये अपने वाहनों को घूमने से नही चूक रहे है। मगर इसके बाद भी इनके खिलाफ किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही न होना चर्चा का विषय बना हुआ है..? यह बात अलग है कि क्षेत्र का पुलिस प्रशासन जो आये दिन वाहन चैकिंग के नाम पर छोटे मोटे लोगों के खिलाफ तो चालानी कार्यवाही करते हुए उन पर रौब झाडकर वाही वाली लूटने में कोई कसर नही छोड़ता है। मगर उनको कभी यह दिखाई नही देता है कि अनेक निजी गाड़ियों में खुलेआम जिस प्रकार से नियमों को दर किनार करते हुये सायरन हूटर तथा अन्य अन्य प्रकार के प्रेशर हार्न लगे हुये है जो खुलेरूप से नियमों के विपरित होने के बाद भी कार्यवाही करने की हिम्मत नही की जाती है। जबकि गौर किया जावे तो सायरन हूटर लगी हुई गाडियां आये दिन पुलिस थानो से लेकर अन्य जिम्मेदार अधिकारियो के कार्यालयों के सामने से गूजरती रहती है जिन्हें अधिकारी खुलेआम नजर अंदाज करते हुये अभयदान की मुद्रा में नजर आने से नही चूक रहे है? गौर किया जावे तो कुछ माह पहले जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में इनके खिलाफ लगातार मुहिम चलाते हुये तेज आवाज बाले साईलेन्सरों पर बुलडोजर चलाने की कार्यवाही की जा रही थी जिससे काफी हद तक राहत महसूस हो रही थी। मगर यह कार्यवाही अचानक ठंडे बस्ते में चलने जाने के कारण वान चालकों को हौसले फिर बुलंद नजर आने से नही चूक रहे है..? इस तरह तेज हार्न वाले वाहनों के दुर्घटना की आशंका- इस प्रकार से नियम विरूद्ध वाहनों में लगे हुए सायरन हूटर तथा प्रेशर हार्नो से सबसे ज्यादा परेशानी तब होती है जब आगे चल रहे वाहन चालक को पीछे से या सामने से सायरन हूटर प्रेशर हार्न सुनाई देता है, खासतौर से जब उसके बगल से प्रेशर हार्न बजाता वाहन सट कर निकलता है, इस स्थिति में तो अक्सर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है। कई बार ऐसी दुर्घटना से जान तक चली जाती है। शौक बन गया प्रेशर हार्न बजाना-इन दिनों गौर किया जावे तो सायरन हूटर का उपयोग जहां नियमों के विपरित होने के बाद भी लोगों द्वारा अपने वाहनों में उपयोग किया जा रहा है, वही प्रेशर हार्न का सर्वाधिक उपयोग युवा बाईक चालकों द्वारा किया जाता है जो नगर में ऐसे हार्न की आवाज हमेशा सुनी जा सकती है। बताया जाता है कि ऐसे बाईक चालक प्रेशर हार्न की कर्कश आवाज बजाते हुए इस तरह निकलते है कि मानों किसी दौड़ प्रतियोगिता में भाग ले रहे हो? इस बात को इस तरह भी कहा जा सकता है कि बाईक या अन्य वाहनों में प्रेशर हार्न का उपयोग करना शौक भी बन गया है और इन शौकीनों को सड़क दुर्घटना का कोई खौफ नही है। इतना ही नही यदि इन हार्नो की सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस तरह के हार्न के चलन के संबंध में चिकित्सकों का कहना है कि इनकी कर्कश ध्वनि से ह्दय गति बढ़नें का खतरा भी है, इनके उपयोग पर सख्ती से प्रतिबंध लगाया जाना जरूरी है। बताया जाता है कि कान में आवाज सुनने की एक क्षमता होती है, यदि उक्त क्षमता से तेज गति की आवाज कानों तक पहुंचे तो व्यक्ति बहरा भी हो सकता है। मगर पता नही शासन प्रशासन द्वारा इस ओर क्यों ध्यान नही दिया जा रहा है जिसके चलते आम लोगों की जिन्दगी पूर्ण रूप से खतरे में नजर आ रही है। नये फैसन की बुलेट गाड़ी के आबाज से लोगों को रात में नींद लेना हुआ मुश्किल- पूर्व में सड़को पर दौड़ने वाली बुलट बाइक में अचानक कमी आने के बाद फिर युवाओं में बुलट चलाने का जो शौक पैदा हुआ है वह आम लोगों के लिये परेशानी का कारण बनने से नही चूक पा रहा है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो युवाओं में बुलट बाइक के प्रति बढ़ रहे शौक के चलते नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी बुलट गाड़ियों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी होते हुये देखी जा रही है जिसके सायलेन्सर से निकलने वाली आवाज ही इतनी तेज होती है कि उसको सुन पाना मुश्किल हो जाता था। मगर अब नये फैसल की बुलेट में जिस प्रकार से युवाओं द्वारा अलग प्रकार की आवाज सेट कराई जा रही है वह चलते चलते अचानक बम की तरह निकालने से नही चूकती है इस आवाज के चलते जब देर रात नगर की गलियों में बुलट बाइक दौड़ते हुये इस प्रकार से आवाज निकालती है तो लोग अपने घरों में नींद तक नही ले पा रहे है। क्योंकि फटाखा बम के समान यह आबाज इतनी तेज होती है कि सो रहे किसी भी व्यक्ति की नीद गायब हो सकती है? इस प्रकार से नगर व शहरों में लगातार बुलेट बाईकों की बढ़ोत्तरी आम लोगों के लिये सिर दर्द बनने से नही चूक पा रही है? जिसके चलते आमजन द्वारा प्रशासन से युवाओं द्वारा अपनी बुलेट बाईकों में बमनुमा आवाज निकालने वाले यंत्र लगवाए जाने पर रोक लगाना चाहिये।

## किसी दिन बड़ी घटना को अंजाम दे सकते है बीच बाजार से निकलने वाले बड़े वाहन

हरिभूमि न्यूज/ खुलरी।



जहां एक ओर सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को आने जाने के लिए अच्छी सुविधाएं प्रदान करने की सोच रखते हुये गांव गांव पक्की सड़को का निर्माण कराया गया जा रहा है, मगर सरकार द्वारा ग्रामीणों की सुविधाओं के नाम पर सड़को के निर्माण के लिए खर्च की जाने वाली यह करोड़ो की राशि निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सियों या फिर बडे वाहन मालिकों की मनमानी के भेट चढ़ने से नही चूक रही है? बताया जाता है कि गांव गांव बनाई जाने वाली इन सड़कों की स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि जहां वह निर्मित होने के चंद दिनों के उपरांत टूटना शुरू हो जाती है या फिर वह बडे वाहनों की भेंट चढ़ जाने के कारण ग्रामीणों के लिए सिर्फ परेशानी का कारण ही नही बल्कि खतरे की घंटे बजाने से नही चूक रही है? क्योंकि बडे वाहन चालकों द्वारा इन पक्की सड़कों पर जिस प्रकार से अपने बडे वाहनों को दौड़ाया जाता है उसके चलते सड़कों के किनारे रहने वाले लोगों की जान खतरे में पड़ने से नही चूक रही है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय खुलरी में देखने मिल रही है जहां पर आये दिन गांव के अंदर से निकल रहे बडे वाहनों के चलते आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा पैदा तो हो ही रहा है मगर सबसे भयानक स्थिति इस समय निर्मित हो जाती है जब यहां पर प्रति रविवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दौरान देखने मिलती है, क्योंकि बाजार के पास से निकला हुआ मुख्य मार्ग से जहां दूर दूर से दुकाने लेकर आने वाले दुकानदारों को यहां से निकलने वाले बडे वाहनों के चलते खतरा दिखाई दे रहा है, इसी बात को ध्यान में रखते हुए लोगों द्वारा बाजार के दिन यानि की रविवार को दोपहर 1 बजे से शाम 8 बजे तक इस मार्ग से बडे वाहनों के निकलने पर रोक लगाये जाने की मांग की जाने लगी है? यदि प्रशासन द्वारा समय रहते हुए इस ओर ध्यान नही दिया गया तो निश्चित ही किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

## ब्रम्हाकुमारी प्रजापिता में उमंग के साथ हुआ समर कैंप का समापन





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

नगर के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र के लक्ष्मी टाउनशिप प्रभु उपवन भवन में बीते हुये दिवस उमंग समर कैंप का समापन बडे भव्यता के साथ किया गया। इस मौके पर पर मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों की मौजूदगी रही। वही सेवा केंद्र की मुख्य संचालीका बाल ब्रह्मचारी ब्रह्माकुमारी उर्मिला दीदी की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम में समर कैंप में शामिल होने वाले समस्त बच्चों के माता पिता शामिल हुये। वही कार्यक्रम शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया इस दौरान उर्मिला दीदी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहां की माता पिता बच्चों के प्रथम गुरु होते हैं। इसीलिए कहा भी जाता है माता जन की शक्ति होती है। वह चाये तो बच्चें को महान बना देवे और वह चाहे तो सैतान बना डाले। इस तरह बच्चों के उज्जबल भविष्य की शुरूआती कमान माता पिता के हाथों में होती है। मासूम बच्चे एक गीली मिट्टी के समान तथा एक पौधे के समान होते है। जिस तरह एक पौधे को एक जगह से निकलकर दूसरी जगह लगाया जा सकता है। लेकिन जब वही पौधा वृक्ष बन जाता है फिर उसकी दिशा को परिवर्तन नहीं किया जा सकता। इसी प्रकार बच्चे भी जब तक छोटे हैं तब तक हम उनमें जैसे संस्कार डालना चाहे वैसे डाल सकते हैं। मगर जब वह बडे हासे जाते है तो उसके बाद संस्कार परिवर्तन करना संभव नहीं है। बच्चों में पढ़ाई के साथ साथ हमारे संस्कार होना भी जरूरी है। आयोजित किये गये समर कैंप के दौरान बच्चों को यही बात का ज्ञान दिया गया है और बच्चों को संस्कारवान बनाना ही इस कैंप का मुख्य उद्वेश्य था।

## भगवान परसुरामजी के मंदिर निर्माण को लेकर आयोजित की गई बैठक



हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।

दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में सर्वब्राह्मण सभा द्वारा भगवान परशुराम जी के मंदिर निर्माण को लेकर एक बैठक का आयोजन सेठान तिराहा पास किया गया। बताया जाता है कि इस बैठक में डॉक्टर महेंद्र कुमार बसेड़िया जो कि सर्व ब्राह्मण सभा के लिये हमेशा समर्पित रहते है। उनके द्वारा मां भगवती की प्रेरणा से सेठान तिराहा के पास अपने द्वारा क्रय की गई भूमि पर 1108 वर्ग फुट भगवान परशुराम जी के मंदिर निर्माण हेतु जमीन दान देने की घोषणा की गई। वही सर्वब्राह्मण सभा साईंखेड़ा को शुभ संकल्प लिया है जिसमें सर्वब्राह्मण सभा ने डॉक्टर साहब की प्रशंसा करते हुये मंदिर निर्माण के लिये सहमति प्रदान की गई।

# पंच कुण्डीय श्रीरूद्र महायज्ञ के पूर्व निकाली गई ग्राम सहावन में भव्य कलश शोभा यात्रा





## आज से गांव में बहेगी सात दिन तक धर्म की गंगा

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।

इस समय चल रहे ज्येष्ठ मास के दौरान जहां चारों ओर धार्मिक आयोजन होते हुये देखे जा रहे है। वही समीपस्थ ग्राम सहावन में जिस तरह पंच कुण्डीय श्रीरूद्र महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा सहित श्री शिव महापुरायण तथा श्रीमद् भागवत महापुराण महोत्सव के चलते गांव में अनोखा महौल दिखाई पड़ रहा है। आयोजित होने जा रही भव्य पंच कुण्डीय महायज्ञ के पूर्व जिस तरह कलश शोभायात्रा निकाली गई वह निश्चित तौर से इतिहासिक बनने से नही चूक पाई है। क्योंकि शायद ही किसी धार्मिक आयोजन को लेकर लोगों में इस तरह का उत्साह देखने मला होगा जिसके चलते ग्राम सहावन में आयोजित किये जा रहे धार्मिक आयोजन पूर्व नकाली गई कलश शोभायात्रा ने एक अलग ही इतिहास रचने में कोई कसर नही छोड़ी गई है।

ज्ञात हो कि ग्राम सहावन में 29 मई से 4 जून तक आयोजित होने वाले पंच कुण्डीय श्रीरूद्र महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीरामकथा ग्राम के हर व्यक्ति में अनोखा उत्साह देखने मिल रहा है। इस आयोजन में वक्ताओं के रूप में पधारे वाले संतों में मुख्य रूप से किशोरी मांडवी वृंदावन धाम द्वारा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक भगवान श्रीराम की कथा सुनाई जावेगी। वही दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक आचार्य पं. नरेन्द्र कृष्ण शास्त्री बनाने से नही चूक रही थी। इस दौरान सेकड़ो की संख्या में मौजूद ग्रामीणों द्वारा रामचरित मानस सहित अन्य पुराणों की आरती करते हुये पुण्य लाभ लिया गया। वही इस आयोजन में पधारे हुये संतों द्वारा कहा गया कि कहा कि अनेक जगहों पर यज्ञ के आयोजन किये जाते है। मगर आज ग्राम सहावन में जिस तरह जो कलश यात्रा का स्वरूप



इटारसी वालों द्वारा शिव पुराण की कथा सुनावेगे। वही आचार्य पं. ऋषभ उपाध्याय द्वारा भगवात कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं के वर्णन से भक्तों को भाव विभारे करने में कोई कसर नही छोड़गे। वही इस आयोजन में अज्ञाचार्य के रूप में पं.मुरारी उपाध्याय ज्योतिषाचार्य इटारसी वालों द्वारा यज्ञ का संचालन किया जावेगा। इस तरह कथा शुभारंभ के पूर्व ग्राम सहावन में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में 251 महिलाये जहां अपने सिर पर मंगल कलश लेकर जब ग्राम की सड़को से गुजरी तो संपूर्ण गांव आयोध्या का रूप धारण करने से नही चूका तो दूसरी ओर शोभायात्रा के दौरान आगे आगे चल रहे अश्व यानि की घोड़ा जिस तहर से नृत्य करते हुये चल रहे थें उसके चलते भगवान श्रीराम के अश्य मेघ यज्ञ की याद दिलाने में कोई कसर नही छोड़ रहे थें। वही दूसरी ओर शोभायात्रा के दौरान ग्रामीण भक्ति में लीन होकर अनोखा प्रदर्शन करते हुये दिखाई दिये। वही शोभायात्रा के दौरान अनेक प्रकार के फूलों से सजे हुये महापुराण को आयोजक प्रमुख अपने सिर पर लेकर आगे आगे चल रहे थें तो दूसरी ओर ग्रामीणों के हाथों में अनेक प्रकार की ध्वज फतखें गांव को धर्ममय देखने मिला है वह आज तक अन्य कही नही मिला है। वही दूसरी ओर कलश यात्रा में शामिल सैकड़ो की संख्या में पहुंची महिलाओं को संतो ने आर्शीवचन देते हुये कहा कि किसी भी आयोजन की कलश यात्रा का महत्व अलग ही होता है। महिलाये जिस तरह अपने सिर पर कलश लेकर आती है उसमें भगवान का वास होता है और आज सैकड़ो की संख्या में ग्राम सहावन के आयोजन स्थल तक जिस तरह भगवान को अपने सिर पर रखकर पहुंचाया है उससे ही प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि अब इस गांव में धर्म की गंगा बहने से नही चूक पायेगी। ग्राम सहावन सहित संपूर्ण क्षेत्र वासी बडे ही सौभाग्य शाली है जिन्हे चल रहे ज्येष्ठ माह में भगवान श्रीराम, शिवजी सहित कृष्ण की कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। क्योंकि जब भगवान की कथा सुनी जाती है तो निश्चित तौर से भगवान की कथा सुनने वाले भक्त को भगवान की दर्शन होने की अनुभूति होने से नही चूक पाती है। इस तरह ग्राम सहावन में आयोजिन होने जा रहे पंच कुण्डीय श्रीरूद्र महायज्ञ व रामकथा सहित शिव पुराण तथा भगवात पुराण को लेकर अनोखा उत्साह देखने मिल रहा है।

## इमरती लकड़ी की कमी के दौर में शहीद हो रहे बबूल के छायादार वृक्ष, ईंट भट्टा मालिक कर रहे मजा



हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।

जहां एक ओर प्रतिवर्ष सरकार द्वारा वृक्षारोपण करते हुए लाखों रूपया खर्च किये जा रहे है तथा सरकार हरियाली महोत्सवो, राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर क्षेत्रवासियों को वृक्षों के रोपण, उनकी रक्षा का संदेश देकर बड़ी बड़ी बाते करते हुये सुना जाता है। मगर वही दूसरी ओर यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो पौधा रोपण करने वालों द्वारा पौधा रोपने के बाद वह अपने कर्त्तव्य की इतिश्री तो कर लेते है पर नेताओं से लेकर शासकीय अधिकारियो द्वारा बाद में कभी इस बात से चिंतित नजर नही आते कि आखिर उनके द्वारा रोपा गया पौधा सुरक्षित है कि नही वही दूसरी ओर वही दूसरी ओर जहां सरकार द्वारा पौधा रोपण करने पर जोर देते हुये हर वर्ष करोड़ो रूपया खर्च किये जाते है तो दूसरी ओर क्षेत्र में लगतार हरे भरे वृक्षों पर कुल्हाडी चलते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है। अब सबाल यह है कि वें कौन से कारण है, जिनके चलते जंगल में वृक्षों की अंधा धुंध कटाई हो रही है तथा जरूरत पड़नें पर क्षेत्रवासियों को इमारती लकड़ी की कमी की समस्या से जूझने मजबूर होना पड़ता है। हालत यह है कि वर्तमान में जिस पैमाने पर विभिन्न तरह के वृक्षो का निर्मम तरीके से कत्ल ए आम हो रहा है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि क्षेत्र के जंगलों में खड़े सागौन के वृक्षों के ठूंठ इस बात की गवाही दे रहे है कि क्षेत्र में खुलेआम लकड़ी कटाई का अवैध कारोबार चल रहा है, जिससे इमारती लकड़ी का संकट आगामी वर्षो में और अधिक गहराने के आसार होने से इंकार नही किया जा सकता है? गौरतलब है कि पहले क्षेत्र के गांवों की सड़कों के किनारों पर हरीतिमा बिखेरने वाले बबून के छायादार वृक्ष लगे थे, इनमें कई वृक्ष तो उम्र दराज थे और वृक्षो के काटने पर बिना अनुमति के काटने पर रोक के चलते वे सलामत थें, किंतु विगत वर्षो से बबूल के वृक्षों के काटने पर लगा प्रतिबंध हटने के बाद अब स्थिति यह देखी जा रही है कि लोग अपने स्वार्थो के चलते इन बबूल के पेडों को धड़ल्ले से धराशायी कर सड़कों को छाया विहीन किया जा रहा है, यहां तक कि इमारती लकड़ी का कारोबार करने में माहिर कुछ लोग बबूल की लकड़ी कों तहसील सीमा से बाहर भेज माला माल हो रहे है? सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बबूल की लकड़ी खुलेआम ईट भट्टों में उपयोग करते हुए जहां ईट भट्टो के मालिक मौज कर रहे है । वही बबूल की लकड़ी व सागौन की किल्लत के चलते बबूल की ही लकड़ी फर्नीचर बनाने में काम भी आ रही है। इस तरह बाजारीकरण की लहर की बालिहारी कि वर्तमान में क्षेत्र में बबूल के वृक्षो की श्हादत का सिलसिला नही थम रहा है और उनके कटने की स्थिति में ग्रामों की सड़के अपनी सुंदरता खोती चली जा रही है, वही लोग दिन दहाडे बबूल के पेड़ो पर कुल्हाडी चलाते हुए देखे जा रहे है।

## महिला कर्मी के साथ की गई मारपीट

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिवस नगर के वार्ड क्रमाक 10 व जबलपुर आर्मी ऐड क्वाटर में क्लर्क के पद पर पदस्थ एक महिला कर्मी द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि सालीचौका मेरे मोहल्ले में कुलदीप साहू रहता हूँ ,जो मुझसे पहले से रंजिश रखता है । बीते हुये दिवस मेरे घर के पास मुझे पेड़ के हिलने की आवाज आई तो मैनें बाहर आकर देखा कि मेरे मोहल्ले का कुलदीप साहू हाथ में फावड़ा लेकर खड़ा था तो मैनें कुलदीप साहू से पूछा कि तुम यहां क्यो खड़े हो।

**खबर संक्षेप**

## अवैध शराब के खिलाफ बजाग में की गई कार्यवाही, 40 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त

**डिंडौरी ।** कलेक्टर के निर्देशन एवं एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन के मार्गदर्शन में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्यवाही को अंजाम दिया गया। तहसीलदार बजाग और थाना बजाग की संयुक्त टीम ने दुकान पर छापा मारते हुए 40 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की। कार्यवाही राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई। मौके पर मौजूद राजस्व अमले ने जब्त की गई शराब का पंचनामा तैयार किया और पूरी सामग्री को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। छापामार कार्यवाही के बाद उक्त दुकान को सील कर दिया गया है। एसडीएम बजाग ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है और इस प्रकार की गतिविधियों में लिप्त अन्य लोगों के खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष श्रीमती माया विश्वलाल के निर्देशानुसार 29 मई को ग्रामीणजन को कानूनी जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत हर्री एवं ग्राम पंचायत बर्री में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर मनोज कुमार लढ़िया प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अनूपपुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम में मनोज कुमार लढ़िया प्रधान न्यायाधीश ने उपस्थित ग्रामीणों को अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, मध्यस्थता योजना, घरेलू हिंसा से महिलाओं के सरंक्षण एवं यातायात नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसीक्रम में बृजेश पटैल जिला विधिक सहायता अधिकारी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर द्वारा संचालित योजनाऐं जैसे- निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह योजना, लोकोपयोगी सेवाओं के लिए लोक अदालत, नालसा (नशा पीड़ितों को विधिक सेवाऐं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाऐं) योजना 2015 एवं आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन से संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान शिविर में संतदास नापित चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसेल, पैरालीगल वालेंटियर विपुल राठौर, श्रीमती संतोषी खैरवार सरपंच ग्राम पंचायत हर्री, स्वामी दीन बैगा सरपंच ग्राम पंचायत बर्री, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर के कर्मचारीगण राजेश कोल एवं दोनों पंचायतों के ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पशु चिकित्सालय राजेंद्रग्राम में लगी आग, लाखों का नुकसान

**हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।** गुरूवार को अज्ञात कारणों से पशु चिकित्सालय राजेंद्रग्राम मे आग गई जिससे लाखों रूपये के सामानों के नुकसान होने की जानकारी मिली है। क्षतिग्रस्त सामानों मे एक कम्प्यूटर, सी.पी.यू., की बोर्ड, माउस, ब्रॉडबैंड, एक रेफ्रिजरेटर, आठ कुर्सी, एक सीलिंग फेन, दो ट्यूब लाईट विथ ट्यूब लाईट होल्डर, एक एक आलमारी व टेबल सहित खिडकियों मे लगे विन्डो ग्लास, लाइट फिटिंग, पर्दे, पोस्टर, बैनर जलकर खाक हो गये वही कार्यालयीन दस्तावेजों मे तीन टीकाकरण रजिस्टर दो मेडिसीन एक्सपेंडीचर, दो मेडिसिन स्टाक रजिस्टर, एक बधियाकरण रजिस्टर, परमानेंट स्टाक रजिस्टर, बिजली बिल फाइल, प्रभार फाइल, केसीसी योजना फाइल कुल दस रजिस्टर व तीन फाइल जलकर स्वाहा हो गया। पशु चिकित्सालय मे आग लगने से लगभग 15 लाख रूपये के सामानों की क्षति हुई है। जानकारी मिलते ही एसडीएम सुधाकर सिंह बघेल ने मौके पर निरीक्षण किया। बताया जाता है कि आग लगने से बिल्डिंग को भी काफी नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है, लेकिन जांच जारी है समाचार लिखे जाने तक कारण स्पष्ट नही हो सका था।

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई डीएलसीसी की बैठक

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।**

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष डीएलसीसी की बैठक ली। उन्होंने बैंकवार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैंक अन्य विभागों के साथ समन्वय से कार्य करें। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने कहा कि कृषि में वृद्धि हेतु किसानों के केसीसी ऋण प्रदाय हेतु कार्यवाही की जाए जिससे उन्नत कृषि, कृषि उपकरण, खाद, बीज से किसानों को सलाना आय में वृद्धि होगी। उन्होंने ग्रामीण बैंक की समीक्षा करते हुए उनके वार्षिक लक्ष्य उपलब्धि, प्राप्त बजट में कमी को देखते हुए उनके उच्चाधिकारियों को पत्र जारी करने के निर्देश एलडीएम को दिए। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने एनआरएलएम, एनयूएलएम, पीएमईजीपी, एमयूकेवाई, संत रविदास स्वरोजगार एवं भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना, बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, पशुपालन एवं मत्स्य पालन के तहत केसीसी की जानकारी ली।



आयोजित बैठक में एल.बी.आर प्रेषण, वित्तीय समावेशन, कृषकों को केसीसी कार्ड प्रदाय करना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह से बैंक लिंकेज के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड (मत्स्य योजना/डेयरी योजना) हितग्राहियों को लाभांवित कर उनकी आय में वृद्धि लाने को कहा है। उन्होंने स्ट्रीट वेंडरों एवं अन्य लोन प्रकरणों को स्वीकृत कर अग्रिम कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक के दौरान डीडीएम नाबार्ड देवरथ पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रति वर्ष संभाव्यता युक्त ऋण योजना (पीएलपी) बनाई जाती है जो कि जिले के लिए वार्षिक ऋण योजना का आधार होता है। यह योजना आरबीआई द्वारा निर्धारित प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों के लिए बनाई जाती हैं। नाबार्ड डीडीएम ने मीटिंग में बताया की नाबार्ड द्वारा वर्ष 2026-27 की पीएलपी योजना को जुलाई-अगस्त माह तक पूर्ण किया जाना है, जिसका काम शुरू कर दिया गया हैं। इसलिए सभी बैंक और शासकीय विभागों से उनके क्षेत्र तथा रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में संभाव्यता पर महत्वपूर्ण डाटा एवं सुझाव आपेक्षित है, साथ ही विभिन्न प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में उपलब्ध, नियोजित आधारभूत संरचना तथा उनमें गैप (अंतराल/कमियाँ) पर विभागों से चर्चा की जानी है। साथ ही गत वर्षो में पीएलपी, एसीपी, जीएलसी और सीडी रेसियो के बारे में बताया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, एलडीएम डिंडौरी रवि शंकर, सहायक संचालक पशुपालन विभाग एचपी शुक्ला, उद्योग विभाग से श्रीमती राधिका कुशरो, उपसंचालक मत्स्य विभाग राकेश चंदेल, प्रभारी सहायक संचालक उद्यानिकी अधनू सिंह मरावी, प्रबंधक सहकारिता विभाग जेपी द्विवेदी, उप संचालक कृषि सुश्री अभिलाषा चौरसिया, जिला प्रबंधक जेठू सिंह पट्टा सहित बैंक मैनेजर्स एवं विभागीय अधिकारी मौजूद थे।



# विकसित कृषि संकल्प अभियान का किया गया शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।**

विकसित कृषि संकल्प अभियान दिनांक 29 मई 2025 से 12 जून 2025 का शुभारंभ कृषि विज्ञान केंद्र डिंडोरी से जनप्रतिनिधियों द्वारा कृषि प्रचार प्रसार रथ को हरी झंडी देकर तय रूट चार्ट अनुसार 03 दलों को ग्राम पंचायत की ओर किया रवाना । अभियान अंतर्गत कृषि वैज्ञानिक,कृषि एवं सहबद्ध विभाग के अधिकारी ग्राम मे जाकर कृषकों को केंद्रीय एवं म.प्र. सरकार की प्रमुख योजनायों ,नवीन/उन्नत तकनीकों ,आगामी खरीफ की तैयारी,ड्रोन तकनीकी,नरवाई प्रबंधन,मृदा स्वास्थ्य कार्ड के लाभ,जैविक खेती,नवाचारो की जानकारी प्रदाय करेंगे एवं कृषकों से संवाद करेंगे उक्त कार्यक्रम मे जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते,भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ,पूर्व भाजपा अध्यक्ष अवध राज बिलैया, जिला अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा महेश धूमकेती, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा धुर्वे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हीरा रूद्रेश परस्ते, कृषि विभाग,आत्मा,कृषि विज्ञान केन्द्र,कृषि अभियांत्रिकी,मत्स्य विभाग,उद्यानिकी विभाग,पशुपालन विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं कृषक गण उपस्थित रहे ।

# नगर परिषद कार्यालय का पुराना तहसील भवन में किया गया शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।**

गुरूवार को सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते की उपस्थिति में पुराना तहसील भवन में नगर परिषद कार्यालय डिंडौरी का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में डिंडौरी विधायक ओमकार सिंह मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस, सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने रिबन काटकर कार्यालय भवन का शुभारंभ किया। जहां पर नगर परिषद अध्यक्ष कक्ष, सीएमओ कक्ष, कार्यालयीन कक्ष, स्टोर कक्ष, आवक जावक कक्ष एवं अन्य कक्षों का भ्रमण कर अवलोकन किया। शुभारंभ के दौरान सभा को संबोधित करते हुए सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि डिंडौरी में नगर परिषद कार्यालय की मांग बार बार की जा रही थी। उसी




को ध्यान में रखते हहुए प्रशासन के प्रयास से आज नगर परिषद के संचालन हेतु पुराना तहसील भवन को उपलब्ध कराया गया है। जिससे नगर परिषद की कार्यालयीन एवं अन्य गतिविधियों में सुधार एवं सुलभता होगी। और उन्होंने कहा कि हम सभी जनप्रतिनिधि मिलकर प्रयास करें कि डिंडौरी नगर परिषद से नगर पालिका बन जाए। जिससे शहर का और बेहतर विकास होगा। जिसमें आस पास के गांवों को जोडकर नगर पालिका की श्रेणी में लाया जाए। उन्होंने शहर के सौन्दर्यीकरण हेतु नर्मदा नदी के दोनों किनारों पर सौन्दर्यीकरण हेतु म.प्र. शासन से विशेष पैकेज के माध्यम से प्रयास करने को कहा। और नगर परिषद सीएमओ को कहा कि शहर में कम्प्यूटर ट्रेनिंग व्यवसाय प्रारंभ किया जाए, जिसमें युवा-युवतियों को कम्प्यूटर सिखाया जाए, जिससे उन्हें रोजगार , स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हों।

# नर्मदा पथ एवं जन जागरण यात्रा का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।**



जीवन दायिनी मां नर्मदा पथ का सर्वेक्षण एवं जन जागरण हेतु डिंडौरी जिले के दक्षिण एवं उत्तर तट पर 25 मई 2025 से 5 जून 2025 तक जन जागरण यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ 25 मई 2025 प्रातः 6:00 बजे ग्राम पंचायत कुटरई के नर्मदा तट से मां नर्मदा जी का पूजन अर्चन, नर्मदाष्टक कर स्वच्छता, श्रमदान कर तत्पश्चात ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। नर्मदा पथ सर्वेक्षण एवं जन जागरण यात्रा के प्रमुख उद्देश्यों पर चर्चा की गई तथा वहां की सर्वेक्षण संबंधी प्रपत्रों में जानकारी का संग्रह किया गया। यात्रा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व में निकाली जा रही है जिसमें जिला समन्वयक श्री धर्मेंद्र चौहान, विकासखंड समन्वयक श्री भानु प्रताप मरावी, श्री गणेश राजपूत, श्री सुशीला ठाकुर, डॉ.निलेश्वरी, श्री अमरलाल धुर्वे यात्रा दल के रूप में कार्य कर रहे हैं एवं उनके साथ में विकासखंड की नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों तथा सीएमसीएलडीपी के परामर्शदाता व छात्रों, नर्मदा सेवा समितियां की यात्रा दल में सहभागिता हो रही है। यात्रा विकासखंड मेंहदवानी के उत्तरी तट कूटरई से प्रारंभ होकर फूलवाही, सारंगपुर, जैतपुरी, दूबा माल, राखी माल में नर्मदा तट पर सन्यास आश्रम पहुंची जहां यात्रा का भोजन एवं विश्राम रहा। अगले दिन 26 मई को यात्रा विकासखंड शहपुरा की ग्राम पंचायत देवरी माल, मालपुर, चौरा माल, मुड़िया खुर्द पहुंच कर चौपाल एवं रात्रि विश्राम कर 27 मई को पुनः यात्रा डिंडौरी विकासखंड के विदयपुर रैयत, हिनौता माल, देवरा माल, डांड विदयपुर, धुर्रा पहुंची। पुनः यात्रा अगले दिन 28 मई 2025 को विकासखंड करंजिया के दक्षिणी तट पंचायत कबीर, खुरखुरी दादर से यात्रा प्रारंभ होकर खन्नात, किंरगी, रैतवार, गारकामट्टा, मेंढ़ाखार, बरनई रुसामल में चोपाल सर्वेक्षण कार्य किया गया। जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान ने यात्रा के प्रमुख उद्देश्यों में प्रमुखता जन अभियान परिषद द्वारा 2009-10 में किए गए नर्मदा पद सर्वेक्षण संबंधी जानकारी को अद्यतन करना। जिसमें नर्मदा परिक्रमा पथ, ग्राम से तट तक का रास्ता, तट पर परिक्रमा वासियों के लिए रैन बसेरा आश्रम, धर्मशाला ,मंदिर, शौचालय, स्नानागार आदि की व्यवस्था को लेकर जानकारी एकत्रित करना एवं नर्मदा तटीय ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों व नर्मदा सेवा समितियों को सक्रिय करना तथा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत निर्धारित गतिविधियों का संपादन करना है। यात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की जनप्रतिनिधियों की माता बहनों की सहभागिता हो रही है यात्रा के शुभारंभ नर्मदा माई की पूजन, तट पर स्वच्छता, नर्मदाअष्टक एवं नर्मदा आरती से किया जा रहा है।

# नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

**डिंडौरी ।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें शासन द्वारा चलाये जा रहे नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत गांजा, चरस, अफीम एवं अन्य नशीले पदार्थों एवं नशीली दवाओं के रोकथाम हेतु उनकी पहचान एवं पदार्थों से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरुक करने, वृहद प्रचार-प्रसार करने को कहा। उन्होंने अन्य जिलों एवं राज्यों से विक्रय हेतु अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के रोकथाम हेतु संबंधित थाना, चौकी अंर्तगत सघन जांच करने एवं बाहर से आने राज्यमार्गों, मुख्य मार्गों पर स्थाई रूप से चेक पोस्ट लगाए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने वन क्षेत्रों में नशीले पदार्थ उगाने पर प्रतिबंध लगाने और स्कूलों, कॉलेजो में नारकोटेक्स आदि मादक पदार्थो के सेवन के संबंध में विद्यार्थियों में जागरूक करने को कहा है। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने जिले के समस्त समस्त क्षेत्रों में नशामुक्ति एवं जागरूकता अभियान को गति देने के निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत विद्यालय की दीवारों एवं बैनरों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे छात्र, अभिभावक एवं समाज में जागरूक किया सकें।

साथ ही कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी विद्यालय परिसर से 100 मीटर की दूरी के भीतर पान, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट एवं अन्य नशीली वस्तुओं की बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित होगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए और उल्लंघन की स्थिति में दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर डीएफओ पुनीत सोनकर, सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग डॉ. संतोष शुक्ला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमेश मरावी, डीएसपी श्री पुरूषोत्तम मरावी, उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण श्याम सिंगौर, आबकारी अधिकारी आरके पचौरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लीकेज पाइप लाइनों में कराया जा रहा सुधार

**कटनी ।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के मार्गदर्शन में जल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु 30 जून 2025 तक आयोजित हो रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर के विभिन्न वार्डो के सार्वजनिक नलों की क्षतिग्रस्त टोटियां सहित लीकेज पाइपलाइन एवं वाल्व के सुधार का कार्य कराया जाकर जल संरक्षण के प्रयास किए जा रहे है। अभियान के तहत जल प्रदाय विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री सुधीर मिश्रा एवं उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव के नेतृत्व में मंगलवार को जल प्रदाय विभाग द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया

# छत्तीसगढ़ से आकर फिर धमाचौकड़ी कर रहे हाथी

### चार हाथी धनगवां से पहुंचे गोबरी के जंगल

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** चार हाथियों का समूह विगत 5 दिनों से अनूपपुर जिले के जैतहरी इलाके में दिन के समय जंगल में ठहरने बाद रात होते ही विभिन्न ग्रामों में विचरण करते हुए ग्रामीणों की खेत एवं बांडियो में लगे विभिन्न तरह के अनाजों को अपना आहार बना रहे हैं चारों हाथी गुरुवार की सुबह मुख्य मार्ग एवं रेलवे लाइन पार करते हुए एक बार फिर से गोबरी के जंगल में पहुंचकर ठहरे हुए हैं। विदित है कि 25 मई की देर रात चार हाथियों का समूह छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही क्षेत्र से एक बार फिर मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के जैतहरी इलाके में पहुंचकर विगत 5 दिनों से विचरण कर रहे हैं जो दिन के समय होते ही जंगलों में विश्राम करने बाद रात होते ही ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर ग्रामीणों के खेत एवं बांडियों में लगे विभिन्न तरह के अनाजों को अपना आहार बना रहे हैं हाथियों के निरंतर विचरण से ग्रामीण जन परेशान है वहीं वनविभाग की अधिकारी/कर्मचारी गस्ती दल के माध्यम से हाथियों के विचरण पर निगरानी रखते हुए हाथियों एवं आम जनता की सुरक्षा कर रहे हैं, मंगलवार एवं बुधवार की मध्य रात्रि चारों हाथी वन परिक्षेत्र जैतहरी के धनगवां बीट अंतर्गत ग्राम पंचायत के क्योटार के कुसुमहाई जंगल में ठहरने बाद देर रात जंगल से निकलकर कुशुमहाई, चोई, पड़रिया में विचरण करते हुए बुधवार की सुबह फिर से धनगवां के जंगल में ठहरे रहे इस दौरान हाथियों ने भोजराज राठौर की बाउंड्री वॉल के साथ 6 ग्रामीण जिसमें बाबूराम राठौर, सुरतिया, धनीराम राठौर, भूखण राठौर, ललन, गोकुल राठौर के खेत एवं बांडियों में लगे विभिन्न तरह के अनाजो को अपना आहार बनाया रहा है।

# जनजातीय बेटियों को आत्म निर्भरता की राह दिखाती एक प्रेरणा स्रोत महिला



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले की रहने वाली श्रीमती चंद्रकला पंत एक समर्पित शिक्षिका हैं, जिनका कार्य और संघर्ष महिला सशक्तिकरण की प्रेरक गाथा है। श्रीमती पंत जिले के शासकीय प्राथमिक विद्यालय मानपुर में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं। उन्हें बचपन से ही जनजातीय क्षेत्रों की सामाजिक एवं शैक्षणिक परिस्थितियों को करीब से देखने और समझने का अवसर मिला। तभी से उनके मन में यह संकल्प उभरा कि वह जनजातीय समाज के बच्चों, विशेषकर बालिकाओं को शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाएंगी। श्रीमती चंद्रकला पंत सन 1989 से शिक्षक के रूप में कार्य कर रही हैं। उन्होंने अपनी रचनात्मकता का उपयोग करते हुए मिट्टी की गोलियां, माचिस की तीलियां और पत्तियां के माध्यम से गिनती, पहाड़े और अन्य बुनियादी शैक्षणिक बातें सिखानी शुरू की। इससे बच्चों को पढ़ाई में मजा आने लगा और स्कूल में उनकी उपस्थिति बढ़ने लगी। उन्होंने सिर्फ बच्चों को नहीं, बल्कि उनके अभिभावकों को भी शिक्षा के प्रति जागरूक किया। रंगोली, चित्रकला, खेलकूद प्रतियोगिताओं के माध्यम से पूरे समुदाय को स्कूल से जोड़ने का कार्य किया। उन्होंने घर-घर जाकर संपर्क किया, जिससे कई स्कूली वंचित बच्चे शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ सके। उनके नवाचार और समर्पण की कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा भी सराहना की गई। उन्होंने विशेष रूप से बैगा और भारिया जैसी पिछड़ी जनजातियों के बच्चों के लिए शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने का महत्वपूर्ण कार्य किया। आज उनके पढ़ाए विद्यार्थी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। श्रीमती चंद्रकला पंत ने केवल शिक्षा तक ही अपनी भूमिका सीमित नहीं रखी, बल्कि बाल विवाह की रोकथाम जैसे सामाजिक विषयों पर भी महत्वपूर्ण कार्य किया। उनका यह प्रयास रहा है कि जनजातीय बालिकाएं केवल शिक्षित ही नहीं।

## खबर संक्षेप

### 6 ग्रामों से निकाली गई मां नर्मदा जन जागरण यात्रा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मां नर्मदा जी के जल को निर्मल तथा प्रवास को अविरल बनाये रखने के उद्देश्य से मां नर्मदा सर्वेक्षण एवं जन जागरण यात्रा का आयोजन जिले में 5 जून तक किया जा रहा है। मां नर्मदा सर्वेक्षण एवं जन जागरण यात्रा के चैथे दिन 29 मई को जिले की 6 ग्रामों से यात्रा निकाली गई। इस दौरान ग्राम चैपाल के माध्यम से नर्मदा पथ के सर्वेक्षण की जानकारी ली। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्रामीणों को जल संरक्षण व संवर्धन का संकल्प दिलाया।

### डीएलएड द्विवर्षीय नियमित पाठ्यक्रम प्रवेश प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** डीएलएड द्विवर्षीय नियमित पाठ्क्रम सत्र 2025-26 में ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रथम चरण की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 5 जून 2025 तक चलेगी। कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण एवं शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में पदस्थ व्यावसायिक रुप से अप्रशिक्षित शिक्षक डीएलए ड में प्रवेश के लिए एमपी ऑनलाइन के कियोस्क पर अथवा पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन करवा सकते है।

### इंजी. सुरेंद्र दुबे का निधन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नरसिंह वार्ड निवासी इंजी. सुरेन्द्र दुबे का जबलपुर में इलाज के दौरान अस्वस्थता के चलते निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्वारीघाट जबलपुर में किया गया। वे पूर्व प्राचार्य आर. एस. दुबे के सुपुत्र एवं पूर्व शिक्षिका श्रीमती सुषमा मिश्रा , सुधीर दुबे के भ्राता थे। उनके अंतिम संस्कार में सभी वर्ग के लोगों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि दी।

### स्वयंसेवक विवेक साहू ने भोपाल के अस्पताल जाकर किया रक्तदान



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** रक्त की एक बूँद कई जिंदगियों की डोर थाम सकती है इसी संदेश को जन - जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शास. स्नात. महाविद्यालय नरसिंहपुर राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के स्वयंसेवक विवेक साहू पिता- राकेश साहू ने भोपाल जाकर कैंसर के रोगी मनमोहन राजपूत को रक्तदान किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने तथा राष्ट्रीय सेवा योजना परिवार की ओर से स्वयंसेवक विवेक साहू को शुभकामनाएं प्रेषित की गईं एवं उनके इस कार्य की सराहना की।

### तीन विकासखंडों की 9 ग्राम पंचायतों में पहुंचा दल

# कृषि विकास को गति देने विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ



### पूर्व राज्यमंत्री श्री पटेल ने दिखाई कृषि रथों को हरी झंडी आयोजित हुई संगोष्ठी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** किसानों की उन्नति और कृषि विकास को गति देने के उद्देश्य से नरसिंहपुर में गुरुवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ हुआ। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने तीन कृषि रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कृषि विज्ञान केंद्र नरसिंहपुर में संगोष्ठी आयोजित की गई। अभियान के पहले दिन जिले की तीन विकासखंडों की 9 ग्राम पंचायतों में दल पहुंचा। यहां आयोजित संगोष्ठी में अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया।

अभियान के पहले दिन 29 मई को ये रथ जिले की गोटेगांव विकासखंड की ग्राम पंचायत पिपरिया- मवई, सिलारी, सालीवाड़ा, नरसिंहपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत पिटेहरा, बंधी, मुर्गाखेड़ा और चांवरपाठा विकासखंड की ग्राम पंचायत हीरापुर, भामा, मानकपुर पहुंची। रथ के साथ चल रहे दलों द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती के तरीकों, आगामी खरीफ की तैयारी और नरवाई प्रबंधन के महत्व के बारे में बताया और उन्हें जागरूक किया। कृषि के क्षेत्र में नवाचारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुछ किसानों द्वारा अपनी खेती में किये गये नवाचारों को अन्य किसानों के साथ साझा किया। इसके अतिरिक्त किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड, डीएपी के विकल्प और अन्य महत्वपूर्ण कृषि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला प्रशासन और कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे इस अभियान में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाएं।




### कार्यक्रम में हो किसानों की सहभागिता

विकसित कृषि संकल्प अभियान अभियान के सफल संचालन के लिए कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने निर्देशित किया है कि वे जारी रूट चार्ट के अनुसार अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में संबंधित ग्राम पंचायत सचिव को कृषकों के बैठने एवं पेयजल की व्यवस्था तथा कार्यक्रम में अधिक से अधिक कृषकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जावे। कार्यक्रम के पूर्व में संबंधित कोटवारों द्वारा मुनादी कराने के निर्देश दिये हैं। ये निर्देश कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिये हैं। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान का संचालन 29 मई से 12 जून 2025 तक किया जायेगा। इस अभियान में केन्द्रीय योजनाओं एवं मप्र सरकार की प्रमुख योजनाओं, कृषि वैज्ञानिकों द्वारा ईजाद की गई नवीन उन्नत कृषि तकनीकियों तथा कृषकों द्वारा कृषि में किये जा रहे नवाचारों की जानकारी स्थानीय स्तर पर कृषि वैज्ञानिकों, विभागीय अधिकारियों, कृषि उद्यमी एवं प्रगतिशील कृषकों के द्वारा अन्य कृषकों को दिया जाना है।

### पॉक्सो की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज

# गाँव के ही युवक ने किशोरी से किया दुष्कर्म

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्टेशनगंज थाना अंतर्गत एक गाँव की नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है, नाबालिग को कुछ माह का गर्भ था, पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला कायम किया है।

#### यह है मामला -

घटना के बारे में स्टेशनगंज थाना प्रभारी रत्नाकर हिंगवे ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत एक ग्राम में एक नाबालिग किशोरी के साथ उसके ही गांव के एक युवक का प्रेम प्रसंग था, युवक ने दो-तीन बार नाबालिग लड़की से सम्बंध स्थापित किये जिससे वह गर्भवती हो गई। बुधवार की रात किशोरी को तेज पेट दर्द की शिकायत हुई तो उसके परिजन ईलाज हेतु नरसिंहपुर के एक निजी अस्पताल लेकर आये, जहाँ डॉक्टर ने जाँच के बाद बताया कि किशोरी गर्भवती है, इस दौरान किशोरी को अत्यधिक तेज पेट दर्द हुआ और वह शौचालय का इस्तेमाल करने गई जहाँ उसका गर्भ गिर गया, जो मृत अवस्था में था। घटना की गम्भीरता को देखते हुए निजी अस्पताल प्रबंधन ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी और पुलिस ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू की।




#### इनका कहना है -

पुलिस ने विभिन्न पहलुओं पर जाँच करते हुए पॉक्सो एक्ट की धाराओं में आरोपी के विरुद्ध मामला कायम कर जाँच शुरू कर दी है। आरोपी को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**-संदीप भूरिया**
**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर**



### ब्राह्मण सभा द्वारा यज्ञोपवीत संस्कार एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सदर मढ़िया स्थित तुलसी मानस भवन में गुरूवार को सर्व ब्राह्मण सभा के द्वारा ब्राह्मण बालकों का यज्ञोपवीत संस्कार एवं पत्रिका विमोचन तथा जिन बच्चों ने शिक्षा या अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिले सहित अन्य जिलों से आए हुए ब्राह्मण बालकों एवम् सामाजिक बंधुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। विगत अनेकों वर्षों से सामाजिक उत्थान के लिए सर्व ब्राह्मण सभा के द्वारा उक्त कार्यक्रम का आयोजन बड़े स्तर पर जाता हैं।कार्यक्रम के दौरान 51 ब्राह्मण बालकों ने जनेऊ धारण कर गुरु दीक्षा ली। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज के सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान के सफल संचालन के लिए विकासखंड दल गठित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विकसित कृषि संकल्प अभियान का संचालन खरीफ पूर्व 29 मई से 12 जून 2025 तक किया जायेगा। इस अभियान के अंतर्गत केंद्रीय योजनाओं एवं मध्यप्रदेश सरकार की प्रमुख योजनाओं, कृषि वैज्ञानिकों द्वारा ईजाद की गई नवीन उन्नत कृषि तकनीकियों एवं कृषकों द्वारा कृषि में किये जा रहे नवाचारों की जानकारी, स्थानीय स्तर पर कृषकों को दिया जाना है। जिले में अभियान के सफल संचालन के लिए कलेक्टर ने विकासखंड स्तर पर दल गठित किया है। जारी आदेश के अनुसार विकासखंड नरसिंहपुर के लिए प्रभारी प्राचार्य कृषि विज्ञान एवं प्रभारी केंद्र नरसिंहपुर श्रीमती दीप्ति यादव मोबाइल नंबर 8319779302, विकासखंड करेली के लिए सहायक संचालक कृषि कार्यालय प्राचार्य कृषि विज्ञान एवं प्रभारी केंद्र करेली श्रीमती रश्मि ठाकुर मोबाइल नंबर 9826070626, विकासखंड गोटेगांव के लिये सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी डॉ. आरएन पटेल मोबाइल नंबर 8839488610 व वैज्ञानिक गन्ना अनुसंधान केंद्र बोहानी डॉ. रमेश अमूले मोबाइल नंबर 9893995746, विकासखंड चांवरपाठा के लिये अनुविभागीय कृषि अधिकारी गाडरवारा श्रीमती पूजा पासी मोबाइल नंबर 9827576645 व वैज्ञानिक गन्ना अनुसंधान केंद्र बोहानी डॉ. आशीष तिवारी मोबाइल नंबर 9425867065, विकासखंड चीचली के लिये सहायक संचालक कृषि (गन्ना) डॉ. अभिषेक दुबे मोबाइल नंबर 9575577646, विकासखंड सांईखेड़ा के लिये सहायक संचालक कृषि श्रीमती सुनीता मवासे पटेल मोबाइल नंबर 9131655751 और जिला स्तर पर मॉनीटरिंग रिपोर्टिंग तथा प्रेस विज्ञप्ति के लिए उप परियोजना संचालक आत्मा श्रीमती शिल्पी नेमा को मोबाइल नंबर 9907036264, को नियुक्त किया है।

### जहरीली दवा के सेवन से महिला की हुई मौत

नरसिंहपुर। जिले के पलोहा थाना अंतर्गत अठ्ठाईसा निवासी श्रीमती कोदूबाई पति रमेश हरिजन उम्र 50 वर्ष ने अपने ही घर में जहरीली दवा का सेवन कर लिया था। उपचार हेतु गाडरवारा अस्पताल ले जाया गया लेकिन हालत गंभीर होने पर गाडरवारा अस्पताल से 25 मई को नरसिंहपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिसे नरसिंहपुर जिला अस्पताल उपचार के लिए लाया गया था। वहीं जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। डॉक्टर ने परीक्षण के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया वहीं अस्पताल चैकी पुलिस ने शव का पंचनामा कार्यवाही कर मर्ग प्रकरण कायम कर पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है।




### छात्र छात्राओं ने देखी कृषि प्रदर्शनी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कृषि समागम मेला 2025 में प्रथम दिवस संकुल शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा के कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के 97छात्र-छात्राओं एवं संकुल के सभी कर्मचारी सहित 167 की उपस्थिति रही। जहां कृषि की नई टेक्नोलॉजी एवं कृषि की उद्योग जगत उपयोगिता एवं कार्यशैली देखने का महत्वपूर्ण संसाधन बना । इस आयोजन के लिए प्राचार्य एस के बक्शी नोडल अधिकारी गनी मोहम्मद बहना सहित समस्त संकुल कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्राथमिकता वाली योजना में अधिकतम ऋण स्वीकृत करने के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में जिलास्तरीय बैंकर्स बैठक का आयोजन मंगलवार 27 मई को कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने बैंकवार सेक्टरवार लोन वितरण की स्थिति का अवलोकन कर शासन के कृषि, महिला स्व-सहायता समूह सहित सभी प्राथमिकता वाले क्षेत्र में अधिकतम ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने केसीसी, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन सहित शासन की प्राथमिकता वाली योजना में अधिकतम ऋण स्वीकृत करने के निर्देश दिये।

# बारिस के चलते बह गया बेस



### गुणवत्ता पूर्ण तरीके से कराने की मांग

**तेंदूखेड़ा ।** इन दिनों तेन्दूखेड़ा के वार्ड क्रमांक 6 पाली मुहल्ला से जैन मंदिर तक नाले का निर्माण कार्य लगभग 67 लाख रुपये की लागत से चल रहा है।जिसके तहत नाले के दोनों और दीवाल के साथ फर्स में वेस का कार्य भी किया जाना है। लेकिन लोगों का कहना है कि निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माणकार्य डीपीआर के अनुसार नहीं किया जा रहा है।केवल मजदूरों के भरोसे निर्माण कार्य चल रहा है। जिसकी शिकायत भी सब इंजीनियर को की गई है। फिर भी सुधार नहीं हो रहा है। हमारे प्रतिनिधि को महीष मोदी ने बताया कि विगत दिवस तेंदूखेड़ा में हुई तेज वारिस के चलते नीचे तरफ जो वेस डाला गया था वह बह गया और जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे हो गये हैं। नगर के मध्य स्थित एक मात्र नाले का निर्माण कार्य काफी लंबे समय बाद हो रहा है। काफी लंबे समय से इस नाले निर्माण की मांग की जा रही थी।इस नाले को बनने से पाल मुहल्ला स्थित पुलिया से लेकर जैन मंदिर तक जहां खुला नाला पूरी तरह से बंद हो जायेगा वहीं गंदगी से भी निजात मिल सकेगा।नाले में निस्तार का पानी जमा रहने से जहां मच्छर पनपते हैं वहीं यही जमा पानी घरेलू हेडपंपो के पानी को प्रदूषित कर रहा है। लोगों का कहना है कि इस निर्माण कार्य को संबंधित ठेकेदार के द्वारा समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराया जाना चाहिए। और समय-समय पर सब इंजीनियर के साथ नगर पालिका अधिकारी को भी गुणवत्ता की जांच करनी चाहिए।इस संबंध में जब हमारे प्रतिनिधि द्वारा नगर परिषद के सब इंजीनियर पवन बघेल से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि नीचे तरफ जो वेश बहने का विषय आ रहा उसमें नीचे नमी बनी हुई है और नाले के बहते हुए पानी को कुछ समय रोककर वेश डाल दिया जाता है।वेश नमी के कारण सही तरीके से सेट हो नहीं पाता और पानी बहाव के कारण वह बह जाता है।इसे अब पानी रोककर ज्यादा समय लेकर पुनः करवाया जायेगा। मैंने मौके पर जाकर निर्माण कार्य को देखा भी है।

### पूर्व राज्यमंत्री ने की जनसुनवाई, किया समस्याओं का समाधान



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल ने विधायक निवास नरसिंहपुर में जनसुनवाई आयोजित की। इस अवसर पर आए जन सामान्य लोगो ने अपनी समस्याओं को आवेदन के माध्यम से बताया जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को अवगत कराते हुए जानकारी लेकर समस्याओं का निदान कराया । जनसुनवाई में लगभग 92 आवेदनों की प्राप्ति हुई। श्री पटेल द्वारा स्थानीय जनों की जनसमस्या हेतु प्रत्येक गुरुवार जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। जिसमें आए लोगों की बात सुन कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाता है। उक्त जनसुनवाई के अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारीयो के साथ समाज सेवी सुनील कोठारी पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राधेश्याम नेमा जनपद सदस्य सीताराम नामदेव सहित अनेक जनप्रतिनिधि की मौजूदगी रही।